ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांकः–3प/मु0मं0नि0यो0–19–02/2017/7040/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषकः

ब्रजनन्दन प्रसाद,
संयुक्त निदेशक (अनुश्रवण)।

सेवा में,

सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 31/10/2019

विषयः– **जिला पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय/प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय/ग्राम पंचायतों के कार्यपालक सहायकों को वर्द्धित दर पर मानदेय भुगतान के संबंध में।**

प्रसंगः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी का पत्रांक–488 दिनांक–07.03.2019**

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के पैनल से पंचायती राज विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यों का ससमय निष्पादन हेतु कार्यपालक सहायकों का संविदा आधारित नियोजन जिला नियोजन इकाई द्वारा की गयी। तद्लोक में अधिकांश जिलों द्वारा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के पत्रांक–488 दिनांक–07.03.2019 के आलोक में कार्यपालक सहायकों को वर्द्धित दर पर मानदेय के भुगतान हेतु मार्गदर्शन की मांग विभाग से की गयी थी।

उपरोक्त संदर्भ में विभागीय स्तर से संबंधित विषयक मांगे गये मार्गदर्शन के आलोक में विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा अपने पत्रांक–1043 दिनांक–12.06.2019 द्वारा नियोजित संविदा कर्मियों के मानदेय में संशोधन से संबंधित निर्णय विभागीय स्तर पर लिए जाने का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया।

प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में विभागीय स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त यह निदेशित किया जाना है कि कार्यपालक सहायकों जिनका संविदा आधारित नियोजन बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के सुसंगत प्रावधान एवं वर्णित नियमों के अनुसार विभागीय निदेशन के आलोक में की गयी है, को उपरोक्त हेतु यथा निर्धारित तिथि के आधार पर वर्णित नियमों के अनुसार बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के शर्तों के अधीन अनुमान्य दर पर भुगतान की अनुमान्यता देय होगी।

विश्वासभाजन

31/10/19

(ब्रजनन्दन प्रसाद)
संयुक्त निदेशक (अनुश्रवण)

ज्ञापांक–3प/मु0मं0नि0यो0–19–02/2017/7040/पं०रा० पटना, दिनांक 31/10/2019
प्रतिलिपि–सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/10/19

(ब्रजनन्दन प्रसाद)
संयुक्त निदेशक (अनुश्रवण)

D:\shashi\anil sir.docx 89

कृ०पृ०उ०......

ज्ञापांक–3प / मु0मं0नि0यो0–19–02 / 2017 / 7040 / पं०रा० पटना, दिनांक 31 / 10 / 2019
प्रतिलिपि–विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/10/19
(ब्रजनन्दन प्रसाद)
संयुक्त निदेशक (अनुश्रवण)

ज्ञापांक–3प / मु0मं0नि0यो0–19–02 / 2017 / 7040 / पं०रा० पटना, दिनांक 31 / 10 / 2019
प्रतिलिपि–मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/10/19
(ब्रजनन्दन प्रसाद)
संयुक्त निदेशक (अनुश्रवण)